**Regarding establishment of Multi-Product Special Economic Zone in Chhindwara Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid**

श्री बंटी विवेक साहू **(छिन्दवाड़ा) :** मेरी लोकसभा क्षेत्र छिन्दवाड़ा-पान्ढुर्ना के सौंसर में छिन्दवाड़ा प्लस डेव्ह प्रा. लि.,नागपुर द्वारा मल्टी प्रोडक्ट स्पेशल ईकोनामिक जोन की स्थापना के लिये सौंसर में शा.भू. 190.175 हैक्टेयर तथा निजी क्षेत्र से 2583.095 हैक्टेयर भूमि कुल 3398.425 हैक्टेयर भूमि पर 1800 करोड रूपये की लागत से एस. ई. जेड़. की स्थापना होनी थी जिसका उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण एवं आर्थिक एवं औद्योगिक विकास था । इसमें मक्का के उत्पाद एवं कपास से वस्त्र उद्योग को स्थापित कर किसानों को लाभ दिलाना था । छिंदवाड़ा प्लस औद्योगिक पार्क से विकास तथा रोजगार के अवसरों के सृजन से प्रदेश को लाभ मिलने की उम्मीद थी । मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि उक्त एस.ई.जेड़. के लिये प्रायोजकों द्वारा शासकीय भूमि का अधिग्रहण एवं निजी भूमि क्रय कर अब तक औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना नहीं की गई है जिसकी वजह से जिन किसानों की भूमि क्रय की गई थे वे बेरोजगार हो गये हैं और वहीं शासकीय भूमि जो कि सस्ती दरों पर अधिग्रहित की गई थी उससे शासन को आर्थिक नुकसान हुआ है । भूमि को व्यावसायिक प्रजोजनों से बिक्रय किया जा रहा है । आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस परियोजना को क्रियान्वित कराया जाये । अधिग्रहित एवं क्रय की गई भूमि को भूमि मालिकों को वापिस कराया जावे ।